राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2065

02 अगस्त, 2017 को उत्तर के लिए

भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए एयर कंडीशनर

2065. श्री विशम्भर प्रसाद निषादः
चैधरी सुखराम सिंह यादवः
श्रीमती छाया वर्माः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई में पुल पीट (कंट्रोल रूम), जो अब तक बिना एअर कंडीशनर वर्षों से काम कर रहे थे, में क्षमता से अधिक भार के एअर कंडीशनर्स लगाए जा रहे हैं;

(ख) इस संयंत्र में इस प्रकार के कितने एअर कंडीशनर्स लगाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है और उनकी लागत कितनी-कितनी है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस कार्य में संयंत्र के कुछ अवकाशप्राप्त अधिकारियों द्वारा संचालित फर्म की मिलीभगत से बाजार से अधिक दर पर उक्त एअर कंडीशनर्स लगाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के कंट्रोल पुलपीट के लिए एअर कंडीशनर केवल विशेष निर्देश के अनुसार प्राप्त किया जाता है।

(ख): इस बीएसपी (कार्यक्षेत्र) को फिलहाल कोई इंडस्ट्रीयल एअर कंडीशनर स्वीकृत और संस्थापन के लिए लंबित नहीं है।

(ग): जी नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****